CoverageReport: TCS IT Wiz – Nagpur Edition

Publication: National Sandesh
Date: 13/09/2014
Edition: Nagpur
Page No: 5
Headline: Nagpur edition of TCS IT WIZ 2014 on September 19

टीसीएस आईटी क्विज का नागपुर एडिशन 19 सितंबर को

वाणिज्य प्रतिनिधि

नागपुर, 13 सितंबर. जानी-मानी आईटी सर्विस, कन्सल्टिंग और बिजनेस सॉल्यूशन कंपनी टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेज़ (टीसीएस) ने नागपुर में शुक्रवार, 19 सितंबर को डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल, एमएलए होस्टल के सामने, सिविल लाइंस में टीसीएस आईटी विज़ 2014 के आयोजन की घोषणा की है. इस क्विज में हाईस्कूल में कक्षा 8 से 12वीं तक पढ़ने वाले (प्री यूनिवर्सिटी के जूनियर कॉलेज छात्रों समेत) छात्र हिस्सा ले सकते हैं. इसके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है. प्रत्येक संस्थान इसमें दो सदस्योंवाली एक या अधिक टीमें भेज सकता है. टीसीएस आईटी विज़ 2014 का आयोजन देशभर के 14 स्थानों पर किया जाता है-अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयंबतूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर और पुणे. संबंधित संस्थान 17 सितंबर तक प्रशांत कोपारकर, टीसीएस आईटीविज़ कॉर्डिनेटर, टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेज़, मां रेणुका भवन, हर्शल् नर्सिंग होम के साथ, इंदौरा स्क्वेयर, नागपुर 440 017 को अपने आवेदन भिजवा सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए 09822193655 पर संपर्क कर सकते हैं या ऑनलाइन रजिस्टर कर सकते हैं.

CoverageReport: TCS IT Wiz – Nagpur Edition

Publication: National Sandesh
Date: 24/09/2014
Edition: Nagpur
Page No: 5
Headline: Center Point School wins TCS IT WIZ

सेंटर प्वाइंट स्कूल ने जीता टीसीएस आईटी विज़ खिताब

वाणिज्य प्रतिनिधि

नागपुर, 24 सितंबर. नागपुर के विभिन्न स्कूलों के 850 से ज्यादा छात्रों ने डा. वसंतराव देशपांडे हॉल, एमएलए हॉस्टल के सामने, सिविल लाइंस में आयोजित टीसीएस आईटी विज्ञ में हिस्सा लिया. भारत के सबसे बड़े अंतरविद्यालयी आईटी क्विज़ समारोह-टीसीएस आईटी विज़ का आयोजन अग्रणी आईटी सेवा प्रदाता, सलाहकार और बिजनेस सॉल्यूशंस मुहैया करानेवाली कंपनी टीसीएस द्वारा किया जाता है. दिलचस्प क्षेत्रीय फाइनल मुकाबलों के बाद सेंटर प्वाइंट स्कूल काटोल रोड के अनिरुद्ध मोरारका और शॉविक डे ने खिताब जीता.

इस साल की क्षेत्रीय विजेता टीम के हर सदस्य को आईपैड एयर दिया गया जबकि उपविजेता रहे एसएफएस जूनियर कॉलेज, सेमिनरी हिल्स के राहुल भगत और दिनेश नायर आईपैड मिनी हासिल करने में कामयाब रहे.

इसके साथ उन्हें मेडल और विशेष रूप से तैयार की गई ट्रॉफी भी दी गई. अंतिम 6 प्रतियोगियों को टीसीएस की ओर से इस श्रृंखला में स्पेस पैक, सिपर्स, इयरफोन, यूएसबी पेनड्राइव, स्पीकर जैसे अन्य इनाम दिए गए. पुरस्कारों का वितरण रंजन बंदोपाध्याय, वाइस प्रेसीडेंट एवं ग्लोबल एचआरप्रमुख -टीसीएस बीपीएस सर्विसेज़ ने किया.

इस वर्ष की टीसीएस आईटी विज प्रतियोगिता ने क्विज की दुनिया में बदलाव लाने की पहल की है और टेक्नोलॉजी पर आधारित नई संकल्पनाओं जैसे सॉफ्टवेयर आधारित राउंड, गेमीफिकेशन और एनिमेशन से जुड़े रोचक तथा इंटेलिजेंट सवालों को शामिल किया गया. इस साल प्रतियोगिता में ऐसे तकनीकी रुझानों पर ज्यादा जोर दिया गया जिसकी ओर पूरी दुनिया का ध्यान गया. इस साल की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को भविष्य में इन तकनीकों का फायदा मिलेगा.